कार्तिक, पक्ष - कृष्ण, तिथि - प्रतिपदा, संवत 2082 जयपुर, बुधवार वर्ष-11, अंक-34, 22 अक्टूबर - 28 अक्टूबर, 2025 मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/- पृष्ठ : 8

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

शुभ दीपोत्सव

jagrukjanta.net



## कोटपूतली-बहरोड़ के घिलोठ में स्थापित होगा प्रदेश का पहला ई-बस मेन्यूफैक्चरिंग प्लांट

### राज्य सरकार ने 65.56 एकड़ भूमि का किया आवंटन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले में जल्द ही प्रदेश का पहला ई-बस मेन्यूफैक्चरिंग प्लांट स्थापित होगा। राज्य सरकार ने नीमराणा तहसील के घिलोठ औद्योगिक क्षेत्र में इलेक्ट्रिक बस मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट हेतु 2 लाख 65 हजार 329 वर्गमीटर (65.56 एकड) भूमि का आवंटन किया है। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में हुए एक एमओयू के तहत निजी क्षेत्र की कंपनी पीएमआई इलेक्ट्रो मॉबिलिटी सॉल्यूशन्स प्रा. लिमिटेड को रीको के माध्यम से यह भूमि आवंटित की गई है। इस प्लांट में शुरूआत में लगभग 1200 करोड़ रूपये का निवेश किया जाएगा और ई-बसों के अतिरिक्त यहां बस बॉडी, मोटर, बैटरी, वायर हार्नेस तथा अन्य स्पेयर पार्ट्स का भी निर्माण होगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर पीएमआई इलेक्ट्रो मॉबिलिटी सॉल्यूशन्स के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर बेहद कम समय में त्वरित गति से भूमि आवंटन के लिए उनका आभार जताया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और बुनियादी सेवाओं के विस्तार के लिए राज्य सरकार निरन्तर फैसले ले रही है। उन्होंने कहा कि यह प्लांट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मेक इन इण्डिया' संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इससे राज्य के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी और इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण क्षेत्र में राजस्थान देश का महत्वपूर्ण केन्द्र बनकर उभरेगा। शर्मा ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को इलेक्ट्रो मॉबिलिटी के क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा उनके लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के भरपूर अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि ई-बसों के संचालन से राज्य में ग्रीन एनर्जी और हरित परिवहन को बढ़ावा मिलने के साथ ही, शहरी परिवहन सेवा भी सुगम होगी। इस अवसर पर सीएमओ के उच्चाधिकारियों सहित पीएमआई इलेक्ट्रो मॉबिलिटी सॉल्यूशन्स के प्रबंध निदेशक सतीश कुमार जैन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. आंचल जैन, कार्यकारी निदेशक गजेन्द्र यादव, निदेशक दीपांशु द्विवेदी, प्लांट हैड हरीश यादव उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दी दीपावली की शुभकामनाएं, लोगों से की आत्मीय मुलाक़ात



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दीपावली के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवास पर दीपावली की रामा श्यामा के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर उपमुख्यमंत्री से आत्मीय मुलाक़ात की। इस विशेष अवसर पर दिया कुमारी ने सभी आगंतुकों का आत्मीय भाव से स्वागत किया और मिठाई खिलाकर दीपावली की बधाई दी। दीपोत्सव की शुभकामनाएँ देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा, "मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ कि दीपावली का यह पर्व सभी के जीवन में सौहार्द, आनंद और खुशियाँ लेकर आए।" समारोह के दौरान उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को समर्थन देते हुए स्वदेशी उत्पादों के अधिकाधिक उपयोग की अपील की। उन्होंने कहा, "हमें अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए ताकि देश के विकास की नई राह खुले। खुशी की बात यह है कि आमजन में भी स्वदेशी को अपनाने का उत्साह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।"

प्रोपर्टी ऑक्सन हब
Property Auction Hub PAH
एस-11, द्वितीय तल, अपना बाजार, झोटवाड़ा, जयपुर
since 2010
सेल, परचेज, रेंट एवं सैटलमेंट



» ऑल इंडिया में प्रोपर्टी, सभी बैंकों से रिकवरी की गई प्रोपर्टी को उचित रेट में खरीदने व सैटलमेंट के लिए सम्पर्क करें।





» ऑल इंडिया प्रोपर्टी के डॉक्यूमेंट लीगल चैक करने के लिए सम्पर्क करें।

सुरेन्द्र सिंह
एडवोकेट

सी.पी. अग्रवाल
संस्थापक
मो.-8561088777

धन तेरस दीपावली व देव दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

Hotel Topper's Corners







की ओर से
दीपोत्सव
की हार्दिक
शुभकामनाएं

## राजस्थान में खुला पहला सौंफ कम्युनिटी जीन बैंक, अच्छी किस्म के बीज होंगे तैयार

**सिरोही @ जागरूक जनता।** जिले में वर्ल्ड फूड डे के अवसर पर काछोली गांव में राजस्थान का पहला 'अबू सौंफ कम्युनिटी जीन बैंक' लांच किया गया। यह पहल बायोटेक किसान हब प्रोजेक्ट के तहत स्थापित की गई।

बता दें, इसका मकसद स्थानीय किसानों की नवाचार क्षमता को बढ़ावा देना और टिकाऊ कृषि को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में वैज्ञानिक, शोधकर्ता और जनजातीय किसान शामिल हुए। इसे बायो-टेक्नोलॉजी विभाग की सहायता से साउथ एशिया बायो-टेक्नोलॉजी सेंटर, जोधपुर और काजरी रीजनल रिसर्च स्टेशन पाली व जैसलमेर ने मिलकर लागू किया।

समारोह में 20 से अधिक लघु एवं सीमांत किसान, जनजातीय महिलाएं और पशुपालक अपने योगदान के लिए सम्मानित किए गए। विशेष रूप से किसान इशाक अली को उनकी 40 साल की मेहनत और उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में 'अबू सौंफ 440' किस्म विकसित की, जो हाल ही में प्रोटेक्शन ऑफ प्लांट वैरायटीज एंड फार्मर्स राइट्स अथॉरिटी के तहत पंजीकृत हुई।


यह राजस्थान की पहली किसान विकसित सौंफ किस्म है। इसे राज्य की कृषि पहचान के रूप में देखा जा रहा है। अबू सौंफ कम्युनिटी जीन बैंक में 150 से अधिक अनूठी सौंफ की जर्मप्लाज्म किस्में संरक्षित की गई हैं।






" जय माँ जसोल " " जय माँ जसोल "

श्री राणी भटियाणी मन्दिर संस्थान, जसोल



श्री राणीसा भटियाणीसा रा सगला भगता ने
धनतेरस अर दिवाली पर्व री मोकली शुभकामना।
दीवा री जोत आपरे जीवन माय मायरो उजालो लावै,
अर दिवाली रा पावन त्योहार माथे मां जसोल
सगला भक्ता माथे सुख, शांति अर समृद्धि री मेहर राखै ॥









रावल श्री किशनसिंह जी
जसोल

-: अध्यक्ष :-
श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, जसोल
श्री रावल मल्लीनाथ श्री राणी रुपादे संस्थान, तिलवाड़ा
श्री मल्लीनाथ गौशाला समिति मालाजाल, तिलवाड़ा
राजपूत एजुकेशन ट्रस्ट, जोधपुर
चौपासनी शिक्षा समिति, जोधपुर

-: उपाध्यक्ष :-
मां नागणेच्यां माता ट्रस्ट, नागाणा

www.jasoldham.org





## अंता विस उपचुनाव

### मतदान पूर्व और मतदान दिवस पर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति द्वारा प्रिंट विज्ञापनों का पूर्व-प्रमाणन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** निर्वाचन आयोग द्वारा अंता विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान की तिथि 11 नवंबर निर्धारित की गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि निष्पक्ष प्रचार का वातावरण सुनिश्चित करने के लिए, कोई भी राजनीतिक दल, उम्मीदवार, संगठन या व्यक्ति मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेगा, जब तक कि सामग्री राज्य/जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) द्वारा पूर्व-प्रमाणित न हो।


HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:- 98290-17133, 70737-77133 9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर 594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine Fortis Escorts Hospital JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in

























दीपोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
श्री श्याम आयुर्वेदिक औषधि भंडार
सभी प्रकार की आयुर्वेदिक औषधि के विक्रेता
आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा उपचार, असाध्य, कठीन, पेचिदा, जीर्ण रोग तथा गठिया वादी श्वास, श्वास, धातु रोग, स्त्री रोग आदि।
प्रो. ओमप्रकाश शर्मा मो.-9783549870
वैद्य संतोष कुमार शर्मा मो.-09820922446
पता- वैद्य गायत्री आश्रम, सरूपगंज, जिला-सिरोही - 307323






धन तेरस दीपावली व देव दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं



Tibbten Markets

Mount Abu

दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



Dr sunanda jain

अथर्व आयुर्वेदिक पंचकर्म सेंटर

शांती नगर कॉलोनी, आदर्श बैंक के पास, तीन बत्ती चौराहा, बीएसएनएल ऑफिस के सामने वाली गली जिला- सिरोही मो. 8890160142, 8003650718

आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

झिलमिलाते दीपों की, रोशनी से प्रकाशित, ये दीपावली आपके घर में सुख समृद्धि और, आशीर्वाद ले कर आए!

यूनिक जनरल हॉस्पिटल & दाँतो का दवाखाना

सुभाष सर्कल पेट्रोल पंप के सामने पंचायत भवन के पास सरूपगंज जिला सिरोही ( राज. ) 307023

DR ANIL VISHNOI (MBBS)
DR MOHD PARVEZ (BDS)
Dr MOHD IRFAN ( BEMS)

प्रदेशवासियों को दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामाएँ



मां नंदनी रेस्टोरेंट

पिण्डवाड़ा, सिरोही

शुद्ध शाकाहारी घर जैसा खाना अब आपके शहर में

निकेश भाई रावल +91 7426811288


दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

Wolkem Industries Ltd.

E-102, Mewar Industrial Area, Madri, Udaipur-313003 (Raj.)

Shri Ganesh ji

Reception - 9414428362 9829807723



Hotel Bhagya Laxmi

Kailash Soni 9414428362 | Bharat Soni 9414523827 | Sohanlal Soni 9461449777

Mount Road, Talheti, Shantivan, Aburoad-307510

www.hotelbhagyalaxmiabu.com E-mail:bhagyalaxmi.abr@gmail.com



देश के नं.1 सीमेंट की ओर से दिवाली की शुभकामनाएं

UltraTech Cement The Engineer's Choice

INDIA'S NO.1 CEMENT

अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड

यूनिट: नाथद्वारा सीमेंट वर्क्स

आदित्य नगर पिण्डवाड़ा

दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

All In One Construction

Riksha Stand Fulabai Kheda Road, Kachholi, Sirohi

E-mail:jegdishrawal@gmail.com

Happy Diwali

May the festival of lights illuminate your life with joy, prosperity, and happiness. Wishing you and your family a bright and blessed Diwali filled with love and success!



CASAWOOD RESORT, ABU

ARBUDDHA SONOGRAPHY

Happy Diwali...

2D, 3D, 4D & HD Live

Best scanning technology

डॉ ललित कुमार

कन्सल्टेंट रेडियोलॉजिस्ट

सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, जयपुर

रेडियोलॉजी सर्विसेज

- जनरल सोनोग्राफी- लिवर, पित्त की थैली, गुर्दे, आंतो की जांच।
- गर्भवती महिलाओं की एनोमली स्कैन, कलर डॉप्लर एवं ग्रोथ स्कैन
- गर्भावस्था में पेट में बच्चे की ईकोकार्डियोग्राफी
- लिवर से मवाद को सोनोग्राफी की सहायता से निकालना
- स्तन, छाती, कंधा, घुटना, कलाई एवं टेस्टीस की सोनोग्राफी
- नवजात शिशु के दिमाग की सोनोग्राफी
- आंख की सोनोग्राफी
- हाथ-पैर व गर्दन की नसों की डॉप्लर सोनोग्राफी
- 3D, 4 D सोनोग्राफी • कलर डॉप्लर
- फीटल इकोकार्डियोग्राफी
- डीजिटल एक्स-रे • मैमोग्राफी
- डेक्सा मशीन (BMD) • इकोकार्डियोग्राफी

पैथोलॉजी सर्विसेज

बायोकेमिकल पैथोलोजिकल सिरोलोजिकल हार्मोन्स की जांच एचआईवी की जांच ऑपरेशन द्वारा निकाली गई गांठ की जांच आधुनिक कम्प्यूटराईज मशीनों द्वारा मल, मुत्र, थूक एवं वीर्य की जांच Electrolyte(Na,K,cl) जांच सभी प्रकार की सोनोग्राफी पैशाब व खून की जांच

अर्बुद्धा डायग्नोस्टिक्स

मयूर प्लाजा, बग्गीखाना के सामने, पैलेस रोड, सिरोही- 307001

Mob. 9983312223, 8854072695, 9166452695

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

RC CLINIC & Medical

50 वर्षों से आपकी सेवा में

मस्सा नासुर भगन्दर व चर्म रोगों का संतोषपूर्ण ईलाज

Dr. Sujal Sinha

BAMS ( Reg No. 24615)

Consulting Ayurved Anorectal

पैलेस रोड़, सिरोही राजस्थान

हार्दिक हॉस्पिटल

आपके स्वस्थ भविष्य के लिये...

मल्टीस्पेश्यालिटी | ट्रोमा सेन्टर | आई.सी.यु

दिवाली की शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना MAA-YOJANA

माँ योजना

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अन्तर्गत सुविधा उपलब्ध

डॉ. एच.एम. केला सर्जन | डॉ विक्रांत सक्सेना इंटेंसिविस्ट | डॉ. हार्दिक केला लेप्रो-यूरो-सर्जन | डॉ. ख्याति केला स्त्री रोग विशेषज्ञ

+91 94149 93747 | +91 86194 17174

पावर हाउस के पास, माउन्ट रोड, मानपुर, आबूरोड, राजस्थान

www.hardikhospitalaburoad.com

hardikhospitalaburoad@gmail.com

FOLLOW US

Naresh Infra Project P. Ltd.

"AA" Class Contractor



दीपावली की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ

Naresh Kumar Agarwal
Praveen Agarwal

C-246, Riico Colony, Abu Road, Distt-Sirohi (Raj.)

Ph.- 02974-226110, Mo.9414153767

E-mail : nkaconstruction@yahoo.com

मदन गुप्ता चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित

दीपावली की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ

श्रीमती चन्द्रावल गुप्ता बी.एड व एस.टी.सी. कॉलेज आबूरोड

श्रीमती चन्द्रावल गुप्ता बी.एड व एस.टी.सी. कॉलेज रेवदर

चन्द्रावल हॉस्पिटल मानपुर आबूरोड, चन्द्रावल मेमोरियल स्कूल रेवदर

मो.- 9610274633, 9610275495

## सम्पादकीय

# पराली जलाने की समस्या का स्थायी समाधान जरूरी

**राष्ट्रीय** राजधानी क्षेत्र दिवाली के बाद होने वाले घातक प्रदूषण से जूझ रहा है और इस बीच यह बात याद रखने लायक है कि इस वर्ष फसल अवशेषों यानी कि पराली को जलाने का वायु प्रदूषण में उतना अधिक योगदान नहीं रहा है। ध्यान रहे कि आमतौर पर ठंड का मौसम शुरू होने पर पराली हवा में प्रदूषण की अहम वजह होता आया है। 15 सितंबर से 15 अक्टूबर अवधि में पराली जलाए जाने के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि 2024 की तुलना में इस वर्ष इस अवधि में धान की पराली का जलाना कम हुआ है। पंजाब और हरियाणा आमतौर पर इसके मुख्य दोषी माने जाते हैं लेकिन इन दोनों राज्यों में पराली जलाने की घटनाएं क्रमशः 64 फीसदी और 96 फीसदी कम हुई हैं।

इसी प्रकार उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में 19 से 45 फीसदी की कमी आई। यही वजह है कि इस अवधि में एनसीआर की हवा की गुणवत्ता 'मध्यम' से 'संतोषप्रद' रही है। राज्य प्रशासन इसका श्रेय ले रहे हैं और उनका कहना है कि उन्होंने विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन, जुर्माने के भय और बुनियादी ढांचा संबंधी प्रावधानों का इस्तेमाल करके पराली जलाने को हतोत्साहित किया है। परंतु मॉनसून की देरी से वापसी के कारण फसल में देरी हुई है और कई किसानों के खेतों में धान की पराली शायद अक्टूबर के अंत तथा नवंबर में निकले। ऐसे में राज्यों ने पराली की समस्या से निपटने के लिए जो उपाय अपनाए हैं उनकी परीक्षा बाद में होगी। पराली जलाने की समस्या से निपटने के सैद्धांतिक रूप से दो तरीके हैं। पहला, फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) जहां पराली का उपचार धान के खेतों में ही किया जाता है और रसायनों की मदद से उसे विघटित किया जाता है। हैप्पी सीडर्स जैसी मशीनों की मदद से किसान पिछली फसल के अवशेष के ऊपर आसानी से अगली फसल की सीधे बोआई कर सकते हैं। राज्य सरकारें सीआरएम मशीनों की खरीद पर 50 से 80 फीसदी तक सब्सिडी देती हैं। दूसरे तरीके में पराली को खेतों से दूर प्रसंस्करण केंद्र ले जाना होता है जहां उसे पालतु पशुओं के चारे या बिजली संयंत्रों के ईंधन में बदला जाता है। परंतु दोनों ही तरीकों में अपनी-अपनी कमियां हैं। पंजाब और हरियाणा के बारे में कहा जाता है कि वहां पर्याप्त संख्या में सीआरएम मशीनें उपलब्ध हैं जो धान के तमाम खेतों में काम आ सकती हैं। परंतु पंजाब में केवल एक तिहाई किसान ही इनका इस्तेमाल करना चाहते हैं। उनकी इस अनिच्छा की वजह यह धारणा है कि सीआरएम मशीनें उत्पादकता को प्रभावित करती हैं और इनके चलते कीटों के हमलों की आशंका बढ़ जाती है। इस समस्या को किसानों को शिक्षित करके दूर किया जा सकता है। जहां तक दूसरे उपाय की बात है तो किसानों को अपने फसल अवशेष को अपने खर्च पर प्रसंस्करण संयंत्र तक ले जाना होता है। इस वर्ष दोनों राज्य सरकारों ने किसानों को भारी प्रोत्साहन देकर तथा इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के साथ तालमेल करके उसके पानीपत में मौजूद एथनॉल संयंत्र तक आपूर्ति तय करके इस दिक्कत को दूर करने की कोशिश की है। अब इसमें संदेह है कि ये उपाय कितने लंबे समय तक टिक पाएंगे।

वित्तीय मुश्किल से जूझ रहे इन राज्यों के लिए इतनी उदार सब्सिडी को लंबे समय तक बनाए रखना संभव नहीं हो सकता। पराली जलाने पर दंड का प्रावधान है, लेकिन उन्हें लागू करना कठिन होता है क्योंकि किसान संगठन इसका तीव्र विरोध करते हैं। विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि किसानों को सीधे नकद हस्तांतरण किया जाए ताकि वे सीआरएम मशीनें खरीद सकें, जिन्हें वर्तमान में सब्सिडी के कारण अत्यधिक मूल्य पर बेचा जा रहा है। लेकिन वास्तव में टिकाऊ समाधान यह है कि किसानों को धान जैसी जल-गहन फसलों की खेती बंद करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए और उन्हें ऐसी फसलों की ओर मोड़ा जाए जो कम पानी की आवश्यकता वाली हों और जिनकी खेती की अवधि छोटी हो, जिससे पराली जलाने की आवश्यकता ही न पड़े।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मोती डूंगरी गणेश मंदिर में किए दर्शन



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज जयपुर स्थित प्रसिद्ध मोती डूंगरी गणेश मंदिर पहुंचकर भगवान श्री गणेश के दर्शन किए और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर मंदिर के महंत कैलाश शर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। उपमुख्यमंत्री ने भगवान गणेश को अनकूट की भोग प्रसादी अर्पित की और गोवर्धन पूजा के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा, "आज के दिन मंदिर आकर भगवान का आशीर्वाद लेना हमारी संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। हमें इस परंपरा को जीवित रखना चाहिए।" उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे भी धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को अपनाएं और उन्हें आगे बढ़ाएं। "हमारा कर्तव्य है कि हम नई पीढ़ी को अपने संस्कार और संस्कृति से परिचित कराएं,"

## उत्साह से मनाया सामूहिक हनुमान चालीसा एवं अन्नकूट

**जयपुर @ जागरूक जनता।** गोमाता को राष्ट्रमाता, हिन्दू राष्ट्र एवं सनातन धर्म बोर्ड घोषित करो सरकार से मांग करते हुए गौमाता सेवक समिति परिवार एवं सभी गोभक्तों गोसेवकों की और से आज 53 वां गोसेवा महोत्सव पंचदिवसीय दीपोत्सव महापर्व पर सामूहिक हनुमान चालीसा दीपावाली स्नेह मिलन गोवर्धन पूजन एवं अन्नकूट महोत्सव सभी गोसेवकों संतों महन्तों के साथ सत्संग करते हुए अपार हर्षोल्लास एवं भाव विभोर होकर जयरामपुरी गोधाम (गौशाला) संत तपोस्थली 1008 हीरापुरी महाराज आश्रम ग्राम बड़ी डूंगरी जयपुर में मनाया गया। शुरुआत में गौमाता सेवक समिति परिवार की तरफ से गोपुत्र ज्योतिर्विद पंडित मानस संजय मिश्र ने विधि विधान से भगवान गोवर्धनधारी बालकृष्ण, वेदलक्षणा गोमाता, सूर्यदेव एवं सदगुरुदेव पूजन पितरों का तर्पण अर्पण पूजन अर्चन वैदिक मंत्रो उच्चारण के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा व गोविन्द गोपाल गोकृपा आरती संत शिरोमणि 1008 हीरापुरी महाराज के सानिध्य में की गई इसके बाद हीरापुरी महाराज एवं उपस्थित संतों महंतों का सम्मान शाल और वस्त्र दक्षिणा प्रदान कर किया एवं मुख्य अतिथियों व नये गोसेवकों तथा जयरामपुरी गोधाम के सदस्यों व वहां पर जो नियमित गोसेवा करते हैं उन सभी का दुपट्टा एवं दक्षिणा प्रदान कर स्वागत व सम्मान किया गया एवं इसके बाद भगवान गोवर्धनधारी बालकृष्ण एवं वेदलक्षणा गोमाता की पूजा अर्चना करके केले गुड़ व हरे चारे का भोग लगाया गया उसके बाद में गोशाला में पंछियो के लिए परिंडे दाना पात्र कीड़ीनगरा तथा सब ने मिलकर वृक्षारोपण का कार्य किया गया। इस अवसर पर राजस्थान सरकार से गोमाता को राज्यमाता का दर्जा देने के लिए आहवान किया गया।






## आम आदमी पार्टी राजस्थान में अभिषेक जैन बिट्टू बने प्रदेश मीडिया प्रभारी, कई जिलों में नई नियुक्तियां घोषित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** आम आदमी पार्टी, राजस्थान ने आज प्रदेश संगठन में बड़े फेरबदल करते हुए राज्य और जिला स्तर पर कई पदों पर नई नियुक्तियों की घोषणा की है। प्रदेश प्रभारी धीरज कुमार टोकस और सहप्रभारी घनेंद्र भारद्वाज द्वारा अनुमोदित यह सूची पार्टी के संगठन को और मज़बूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। राज्य स्तर पर जारी सूची के अनुसार अभिषेक जैन बिट्टू को प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही नवीन पालीवाल को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष (राजनीतिक मामलों एवं पार्टी समन्वय), जुगल किशोर शर्मा को प्रदेश सचिव, विश्वेन्द्र सिंह को प्रदेश महासचिव (संगठन), कीर्ति पाठक को प्रदेश महासचिव (फ्रंटल संगठन) और आशुतोष रांका को प्रदेश महासचिव (युवा, सामाजिक एवं राजनीतिक आंदोलन) नियुक्त किया गया है। सोशल मीडिया प्रकोष्ठ को सशक्त करने के लिए अपूर्व मिश्रा को प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी तथा राजेश मेहरा, पवन चावला और ऋषभ कुमार को प्रदेश सोशल मीडिया समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई है।







# आओ हम संकल्प करें, स्वच्छता से गौ माता का संरक्षण करें

## गौ माता को राष्ट्र पशु घोषित किया जाए

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**भारत** में गाय को माता का दर्जा दिया गया है, उसकी पूजा की जाती है, वो एक अबोल प्राणी है तथा अपने मन की व्यथा किसी को नहीं बता सकती। इसलिए गाय माता पत्थर के पास जाकर बोलती है कि... हे पत्थर तुझे भगवान बनाकर पूजा जाता है, लेकिन यही पत्थर मुझ पर फैंका जाता है, ये कहां का न्याय है? नम्र निवेदन है कि... कोई उन पर तेजाब नहीं फेंके, पत्थर, लकड़ी, कुल्हाड़ी आदि किसी भी प्रकार के हथियारों से वार नहीं करें तथा सड़कों पर खुला नहीं छोड़े, जिससे गायें दुर्घटनाग्रस्त नहीं होंगी। इसी फलस्वरूप गौवंश को शारीरिक पीड़ा नहीं भोगनी पड़ेगी तथा गायों का जंगल में पर्यावरणीय भोजन हरी घास इत्यादि मिल सकेगा।

**इसके कारण गाय को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखा जा सकेगा।**

**आओ** संगठित होकर गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करवाने की मुहिम छेड़े। इन सब को करने में मानव जाति अपने कर्मों को सुधार सकती है, आज के समय में गौवंश को होने वाली पीड़ाओं में जाने-अनजाने किसी भी व्यक्ति द्वारा ठेस पहुंचाई जाती है तो सम्पूर्ण मानव जाति संगठित होकर ही गौवंश का संरक्षण कर सकती है।



**श्रीमती गीता सुनील अग्रवाल**
भाजपा जिला मंत्री, होटल हील्लॉक माउण्ट (सहायक निदेशिका)
इनर व्हील क्लब, भारत-भारती जैसी विभिन्न संस्थाओं में पदोन्नति

# बीसलपुर डेम ने बना लिया रिकॉर्ड, जुलाई से दीपोत्सव तक हुई पानी की निकासी, बनास नदी में छोड़ा 129.56 TMC पानी

**टोंक @ जागरूक जनता।** बीसलपुर बांध से करीब 89 दिन तक पानी निकालने के बाद अब जल निकासी बंद कर दी गई है। इस दौरान बांध से कुल 129.56 टीएमसी पानी बनास नदी में छोड़ा गया। यह पहली बार है जब जुलाई से दीपोत्सव तक बांध इतना लंबे समय तक छलकता रहा। बांध से पानी निकालने की शुरुआत 24 जुलाई को हुई थी। मानसून में बारिश बढ़ने के कारण बांध में जलस्तर लगातार बढ़ता रहा और पूर्ण जलभराव 38.70 टीएमसी तक पहुंचा। अधिकारियों ने सुरक्षा के लिहाज से गेट खोलकर नदी में पानी छोड़ा। इस तरह लगातार तीन महीने तक जल निकासी होती रही। जिससे आसपास के इलाकों में जलस्तर काफी ऊपर आ गया है।

# प्रो. (डॉ.) गोविन्द सहाय शुक्ल बने डीएसआरआरएयू, जोधपुर के कुलगुरू

## प्रोफेसर शुक्ला ने कुलगुरु के पद पर कार्यभार ग्रहण किया

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** राज्यपाल एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने विश्वविद्यालय के नए कुलगुरू के रूप में प्रो. (डॉ.) गोविन्द सहाय शुक्ल, विभागाध्यक्ष, रसशास्त्र एवं भेषज्य कल्पना विभाग, आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर की नियुक्ति की घोषणा की। आज धनतेरस के शुभ अवसर पर प्रो. (डॉ.) गोविन्द सहाय शुक्ल ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलगुरू का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की यह मेरे लिए गर्व और उत्तरदायित्व का क्षण है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान का नेतृत्व करना मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण अवसर है।



मेरा उद्देश्य विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयुर्वेदिक शिक्षा, अनुसंधान एवं चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी स्थान दिलाना है।

मैं शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के साथ मिलकर आयुष चिकित्सा के वैज्ञानिक और व्यावहारिक स्वरूप को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहूँगा। यह नियुक्ति विवि अधिनियम, 2002 की धारा 24(3) एवं 24(7) के अंतर्गत की गई है। डॉ. शुक्ल को यह दायित्व कार्यभार संभालने की तिथि से तीन वर्ष या सत्तर वर्ष की आयु पूर्ण होने तक (जो भी पहले हो), के लिए सौंपा गया है।

### शैक्षणिक, व्यावसायिक जीवन

प्रो. (डॉ.) गोविन्द सहाय शुक्ल आयुर्वेद चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं। उन्होंने 26 वर्षों का समृद्ध शिक्षण अनुभव अर्जित किया है, जिसमें से 17 वर्ष प्रोफेसर, 5 वर्ष डीन (शैक्षणिक) और 8 वर्ष प्राचार्य (Principal) के रूप में व्यतीत किए हैं साथ ही 60 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र प्रकाशित हो चुके है।

### शैक्षणिक योग्यता

कुलगुरु प्रो. (डॉ.) शुक्ल ने आयुर्वेद वाचस्पति (एम डी) –एम.एम.एम. शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, उदयपुर, (राजस्थान विवि, जयपुर) वर्ष 1998। आयुर्वेदाचार्य – राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर वर्ष 1994.

### अनुभवी आयुर्वेदाचार्य

डॉ. शुक्ल ने दीर्घ शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यकाल में आयुर्वेद शिक्षा, अनुसंधान एवं औषध निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है। उनकी विद्वता और नेतृत्व क्षमता ने न केवल विद्यार्थियों को प्रेरित किया है बल्कि संस्थान को भी नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। साथ ही कुलगुरु विश्व आयुर्वेद परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर कार्यरत है।

## ऑस्ट्रिच ग्लोबल स्कूल में बच्चों ने उत्साह से मनाई दिवाली



**जयपुर @ जागरूक जनता।** ऑस्ट्रिच ग्लोबल स्कूल में दीपावली का पर्व बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। बच्चों ने रंग-बिरंगे दीये सजाए और घर की सजावट के लिए सुंदर-सुंदर आइटम्स तैयार किए। पूरे विद्यालय में खुशियों और रोशनी का माहौल छाया रहा। विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह की सराहना करते हुए दिवाली की शुभकामनाएँ दीं।

## महाराव शेखाजी क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जयपुर में धन्वन्तरी दिवस का उल्लासपूर्वक आयोजन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** झोटवाड़ा रोड, बनीपार्क स्थित महाराव शेखाजी क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में 18 अक्टूबर को धन्वन्तरी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी अधिकारियों, शोधकर्ताओं और कर्मचारियों ने आयुर्वेद के आद्य प्रवर्तक भगवान धन्वन्तरी की विधिवत पूजा-अर्चना की। संस्थान प्रभारी डॉ. बी. आर. मीणा ने जानकारी दी कि धन्वन्तरी दिवस आयुर्वेद जगत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि यह भगवान धन्वन्तरी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। भगवान धन्वन्तरी को आयुर्वेद का जनक माना जाता है, जो देवताओं के वैद्य के रूप में प्रसिद्ध हैं। पूजन कार्यक्रम में सभी ने सामूहिक रूप से भगवान धन्वन्तरी का ध्यान करते हुए अस्वस्थ व्यक्तियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की। पूजा के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और आरती का आयोजन किया गया। पूजन के उपरांत सभी उपस्थितों को प्रसाद का वितरण किया गया तथा आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार और अनुसंधान कार्यों में निष्ठा से कार्य करने का संकल्प भी लिया गया। डॉ. मीणा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आयुर्वेद की वैज्ञानिक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को सम्मान मिलता है।

# खुद्दारी से जिओ - आर लाल साधवानी

## दिव्यांग को रोजगार के लिए दिलाया थड़ी ठेला

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** दुनिया में दयावान तो बहुत होते हैं जो गरीबों को दया करके कुछ पैसे देकर पुण्य कमाते हैं लेकिन कुछ लोग ऐसा करते हैं जिससे वह गरीब दया का पात्र नहीं बन कर खुद्दार से जीना सीख जाए। ऐसा ही काम किया है मुरलीपुरा स्थित श्री संत बाबा मैहर दास ट्रस्ट मंदिर के संस्थापक 94 वर्षीय आर लाल साधवानी ने। यूं तो साधवानी परिवार सहित अमेरिका में रहते है। पिछले दिनों से वीकेआई एरिया के रोड नंबर एक पर सायं गरीबों को भंडारा लगाते हैं इसी दौरान एक दिव्यांग दीपक चौधरी जिसके कोहनी तक दोनों हाथ कटे हुए हैं वह भी भंडारा में भोजन करने आने लगा। इसी दौरान साधवानी की नजर उस पर पड़ी। साधवानी ने उस दिव्यांग को अपने हाथों से भोजन कराया। इसी क्रम के चलते-चलते साधवानी को पता चला कि उसके पत्नी एवं एक चार वर्षीय बच्चा भी है पत्नी 2- 4 घरों में काम करके अपना घर खर्च चलाती है, दिव्यांग दीपक चौधरी से बात की और उसे एक नया लकड़ी का ठेला बनवाया और चाय आदि का सामान बिस्किट वगैरा भरकर उसको दीपावली के दिन सौंप दिया। जिससे वह अपनी घर गृहस्थी का खर्चा खुद्दारी के साथ चला सके।





ठेला पाकर दिव्यांग दीपक चौधरी का चेहरा खिल उठा परिवार के साथ उसने बड़ी खुशी के साथ दीपावली मनाई। इस अवसर पर साधवानी ने पूरे परिवार का मुंह मीठा कराया और उसके सफल जीवन की कामना की। इस अवसर पर साधवानी के साथ ट्रस्ट के अध्यक्ष लोकचंद हरीरामानी को ओम वंजानी समाजसेवी नगेंद्र वशिष्ठ शशि हरीरामानी पत्रकार शिवदयाल मिश्रा मिथुन एवं शंकर शर्मा उपस्थित थे।
















# भारत सरकार श्री अग्रसेन जयंती 2026 पर 100 का स्मारक सिक्का करें जारी-मित्तल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**कोलकाता।** अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजकुमार मित्तल ने भारत सरकार से विनम्र आग्रह किया है, कि आगामी वर्ष 2026 में अग्र कुल पर्वतक महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती के पावन अवसर पर 100 मूल्य का स्मारक सिक्का जारी किया जाए।



मित्तल ने इस संबंध में भारत की वित्त मंत्री माननीया निर्मला सीतारमण जी को एक विनम्र मांग पत्र भेज कर सादर अनुरोध किया है कि राष्ट्र निर्माण में महाराजा अग्रसेन जी के अमूल्य योगदान के सम्मानार्थ यह सिक्का जारी कर, देश की सांस्कृतिक विरासत में एक ऐतिहासिक अध्याय जोड़ा जाए।

उन्होंने बताया कि महाराजा अग्रसेन जी केवल अग्रवाल समाज के नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारतीय समाज के आदर्श पुरुष हैं, जिन्होंने "एक रूपया, एक ईंट" जैसे सिद्धांत से सहकारिता, समानता, उद्यमिता एवं आत्म- निर्भरता का सशक्त संदेश दिया। श्री अग्रसेन जी का जीवन दर्शन आज भी "सामाजिक न्याय, आर्थिक नैतिकता एवं सहयोग भाव" के आदर्श मूल्यों का प्रतीक है। मित्तल ने कहा कि इस मांग के पूरा होने से न केवल अग्रवाल समाज बल्कि सम्पूर्ण भारतवर्ष में एकता, सहयोग और आत्म-निर्भरता की भावना को नया बल मिलेगा। साथ ही, यह सिक्का आने वाली पीढ़ियों के लिए अग्रसेन जी के आदर्शों का प्रेरणास्रोत बनेगा।

अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन ने यह भी प्रस्ताव किया है कि सिक्का के एक ओर महाराजा श्री अग्रसेन जी का चित्र, तथा दूसरी ओर भारत सरकार का राजचिह्न एवं वर्ष 2026 अंकित किया जाए।

इस मांग पत्र की प्रतिलिपि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, गृह मंत्री श्री अमित शाह जी, लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला जी एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी को भी प्रेषित की गई है, ताकि राष्ट्रीय भावना से जुड़े इस प्रस्ताव को सरकार द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता मिल सके।

मित्तल ने देश-विदेश के समस्त अग्रवाल संगठनों, संस्थानों एवं समाज बंधुओं से भी अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक मांग के समर्थन में अपनी एकजुटता प्रदर्शित करें, जिससे महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों का प्रकाश पूरे विश्व में फैल सके।

## पुष्कर मेला आज से, पहली बार होगा कैमल और हॉर्स शो, मिस्टर-मिस राजस्थान भी दिखाएंगे जलवा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**पुष्कर।** पशु मेला 22 अक्टूबर से शुरू होगा। जिला एवं पशुपालन विभाग की ओर से मेले में आने वाले पशुपालकों, व्यापारियों एवं श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं जुटाने का काम अब अंतिम चरण में है। मैदान में टेंट एवं मनोरंजन के साधन लगाने वालों ने डेरे जमाने शुरू कर दिए हैं। बिजली के पोल लगाने, तार खींचने से लेकर तमाम तैयारियां की जाने लगी है। साल भर सूने पड़े रेतीले धोरों में रंगत आने लगी है। नए मेला मैदान में पशुपालन विभाग की ओर से दीपावली के दूसरे दिन 22 अक्टूबर से पशु मेला शुरू कर दिया जाएगा। मेला मैदान में टेन्ट व्यवसायियों ने तंबू गाड़ दिए हैं। कपालेश्वर महादेव मंदिर के पास निजी खातेदार की जमीन पर सर्कस व मनोरंजन के साधन लगाने वालों ने साजो सामान के साथ डेरे लगा दिए हैं। बिजली विभाग की ओर से पशुपालकों के लिए धोरों में पोल लगाकर तार जोड़े दिए गए हैं।

### 23 लाख का बजट मिला

**पशुपालन** विभाग को मेले की व्यवस्थाएं करने के लिए निदेशालय से 23 लाख रुपए का बजट मिला था। मेला अधिकारी सुनील घीया ने बताया कि पिछली बार मेले की व्यवस्थाओं के लिए कुल 28 लाख रुपए का खर्चा हुआ था। इस बार 23 लाख रूपए ही मांगे गए थे तो मिल गए हैं।

# महाराव शेखाजी क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में मनाया में विश्व रजोनिवृति दिवस

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

जयपुर। झोटवाड़ा रोड, बनीपार्क स्थित महाराव शेखाजी क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में बीते दिनों विश्व रजोनिवृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता को ध्यान में रखते हुए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आयुर्वेद विशेषज्ञों, संस्थान के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।इस वर्ष विश्व रजोनिवृति दिवस की थीम "लाइफस्टाइल मेडिसिन" रही। इस विषयवस्तु के अंतर्गत यह संदेश दिया गया कि रजोनिवृति के समय केवल औषधीय उपचार पर निर्भर रहने के बजाय महिलाओं को अपनी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। डॉ. मोनिका कुमारी, अनुसंधान अधिकारी (आयु.) ने बताया कि रजोनिवृति के दौरान महिलाओं के शरीर में कई प्रकार के हार्मोनल बदलाव होते हैं, जो शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से उन्हें प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, योग, ध्यान और तनाव प्रबंधन जैसे उपाय अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं।



संस्थान प्रभारी डॉ. बी. आर. मीणा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि विश्व रजोनिवृति दिवस का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को इस महत्वपूर्ण जीवन चरण के बारे में जागरूक करना है, ताकि वे इसे सहजता से स्वीकार कर सकें और इससे जुड़ी किसी भी स्वास्थ्य समस्या का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि आयुर्वेद, योग और ध्यान जैसी भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ रजोनिवृति के समय शारीरिक व मानसिक संतुलन बनाए रखने में प्रभावी साबित हो सकती हैं।

कार्यक्रम के अंतर्गत रजोनिवृति से जुड़ी आम समस्याओं जैसे अनियमित नींद, चिड़चिड़ापन, हड्डियों की कमजोरी, मोटापा, और हार्मोनल असंतुलन के समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई।

# पिण्डवाड़ा क्षेत्र में प्रस्तावित खनन परियोजना के विरोध में चार ग्राम पंचायतों की संयुक्त बैठक सम्पन्न

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**सिरोही @ तुषार पुरोहित ।** पिण्डवाड़ा तहसील क्षेत्र में प्रस्तावित चूना पत्थर खनन परियोजना के विरोध को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को क्षेत्र की चार ग्राम पंचायतों रोहिड़ा, वाटेरा, भीमाना और भारजा – के एक दर्जन गांवों के प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की संयुक्त बैठक भीमाना के पाटलेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित हुई। करीब छह घंटे तक चली इस बैठक में आगामी रणनीति पर गहन मंथन हुआ। बैठक में उपस्थित सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में निर्णय लिया कि 27 अक्टूबर (सोमवार) को चारों ग्राम पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों पर तालाबंदी की जाएगी, साथ ही समस्त राजकीय शिविरों का बहिष्कार किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक सरकार प्रस्तावित खनन परियोजना को पूर्णतः निरस्त नहीं करती, तब तक विरोध आंदोलन और अधिक तेजगति से आगे बढ़ाया जाएगा।

बैठक में ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे किसी भी स्थिति में अपनी जमीन खनन के लिए नहीं देंगे। यह निर्णय सभी ग्रामवासियों की आपसी सहमति और एक राय से लिया गया। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जनभावनाओं का सम्मान नहीं किया गया, तो क्षेत्र में आंदोलन को बड़े स्तर पर रूपांतरित किया जाएगा।


गौरतलब है कि जयपुर की कमलेश मेटा कास्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को पिण्डवाड़ा क्षेत्र की चार ग्राम पंचायतों के लगभग 800 हेक्टेयर क्षेत्रफल में चूना पत्थर खनन परियोजना प्रस्तावित है। ग्रामीणों का कहना है कि यह परियोजना उनके खेती-किसानी, जलस्रोतों और पर्यावरण के लिए विनाशकारी साबित होगी। इसी कारण से वे इस परियोजना को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेंगे। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन की कार्यशैली पर भी नाराजगी और आक्रोश व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना था कि क्षेत्र की आवाज़ को नजरअंदाज कर सरकारी स्तर पर निर्णय लेना जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ है। ग्रामीणों ने ऐलान किया कि जब तक सरकार खनन परियोजना को रद्द नहीं करती, तब तक यह आंदोलन गांव-गांव और प्रत्येक वर्ग की भागीदारी के साथ और अधिक सशक्त होता जाएगा।


































संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039 समाचार संपादक- चेतेन्द्र कुमार मिश्रा